# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

क्रमांक 46 / परीक्षा / 2019. भोपाल, दिनांक 28.01.2019

## अधिसूचना (ऑनलाईन)

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत सत्र 2013–14 एवं 2014–15 के प्रवेशित छात्र बी.एस.सी. नर्सिंग भाग– 2, 3, 4/बी.एच.एम.एस.भाग–2, 3, 4/एम.बी.बी.एस.भाग–1, 2, 3, 4/बी.डी.एस. भाग–4/बी.ए.एम.एस.भाग–4 की मुख्य/पूरक परीक्षा फरवरी–मार्च 2019 में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र हेतु परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी.ऑन लाईन के माध्यम से भरे जाने की निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की जाती हैं :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | सामान्य शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | – | 04/02/2019 से 11/02/2019 |
| 02 | विलम्ब शुल्क रू. 500/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | – | 12/02/2019 से 13/02/2019 |
| 03 | महाविद्यालय द्वारा उक्त प्राप्त परीक्षा आवेदन वि.वि.कार्यालय में जमा करने की तिथि | – | 14/02/2019 |
| 03 | उक्त तिथियो के पश्चात विशेष विलंब शुल्क रू.1500/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | – | 14/02/2019 से 19/02/2019 |
| 05 | महाविद्यालय द्वारा उक्त प्राप्त परीक्षा आवेदन वि.वि.कार्यालय में जमा करने की तिथि | – | 20/02/2019 |

परीक्षा शुल्क विवरण :–

| स.क्र | भारतीय छात्रों हेतु | | समस्त विदेशी छात्रों हेतु |
|---|---|---|---|
| 01 | नियमित छात्र हेतु शुल्क रू. | –2670+100=2770/– | शुल्क रू.–5530+100=5630/– |
| 02 | पूर्व छात्र एक विषय हेतु शुल्क रू. | –1210+100=1310/– | शुल्क रू.–2960+100=3060/– |
| 03 | पूर्व छात्र दो विषय हेतु शुल्क रू. | –1650+100=1750/ | शुल्क रू. –3980+100=4080/– |
| 04 | दो से अधिक विषयो हेतु शुल्क रू. | –2530+100=2630/– | शुल्क रू. –6000+100=6100/– |

विश्वविद्यालय की बेवसाइट (WWW.bubhopal.ac.in) पर online services पर क्लिक कर अपना परीक्षा आवेदन पत्र संपूर्ण जानकारी भर पूर्ण करें। असुविधा होने की स्थिति मे प्राचार्य/छात्र/छात्राएं एम.पी.ऑनलाईन की हेल्पलाईन न 4019401,4019406 तथा 4019414 (भोपाल से बाहर के लिए 0755) का उपयोग करें। परीक्षा आवेदन पत्र सूचीबद्ध करते हुए सूची की तीन प्रतियों के निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ ही प्रस्तुत किये जावें।

(1) अर्हतादायी परीक्षा की अंकसूची की महाविद्यालय द्वारा सत्यापित प्रति (हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री (10+2) व द्वितीय,तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के परीक्षा आवेदन पत्रों के साथ क्रमशः प्रथम,द्वितीय,तृतीय वर्षो की संपूर्ण अंकसूचियों की सत्यापित प्रतियां भी संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा समस्त अंकसूचियों की सत्यापित प्रति संलग्न नहीं होने की स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र स्वतः निरस्त समझे, जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व छात्र एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य व प्रबंधन का होगा। (2) विवाह उपरांत नाम परिवर्तन हेतु प्रथम श्रेणी न्यायाधीस द्वारा जारी मूल शपथ पत्र एवं शुल्क रू. 165/– (केवल "महिला" छात्रा हेतु) (3) अकादमी शाखा से जारी वर्तमान सत्र के संबद्धता प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति (4) अकादमी शाखा एवं भंडार शाखा का अदेय/अमांग प्रमाण–पत्र भी प्रस्तुत किया जावे अन्यथा स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जा सकेंगे।

नोट– सत्र 2013–14 के पूर्व के प्रवेशित नियमानुसार पात्रताधारण करने वाले छात्रों के ही उक्त तिथियों में पूर्वानुसार परीक्षा आवेदन पत्र ऑफलाईन निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ जमा कर सकते हैं।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल
भोपाल, दिनांक 28.01.2019

पृ. क्रमांक 47 परीक्षा/2019
प्रतिलिपि—

1–समस्त प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालयों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु। कृपया जारी अधिसूचना को विभाग के नोटिस बोर्ड पर चिपकाने की व्यवस्था करें।
2–उप कुलसचिव गोपनीय/परीक्षा/अकादमी शाखा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
3–सहायक कुलसचिव गोपनीय/परीक्षा/भण्डार की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
4–अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
5–कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपतिजी को सूचनार्थ।
6–जनसम्पर्क अधिकारी/कन्ट्रोल रूम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7–संचालक, एम.पी.ऑनलाईन म.प्र. की ओर उचित व्यवस्था एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु कृपया सुनिश्चित करें कि एम.पी. ऑनलाईन की हेल्पलाईन न 4019401,4019406 एवं 4019414 पर कोई भी छात्र जानकारी चाहे तो उसे समय सीमा में उपलब्ध करायें।
8–प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट की ओर सूचनार्थ।
9–सम्पादक, दैनिक समाचार पत्रों की ओर उनके लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में प्रकाशित किए जाने हेतु निवेदन के साथ प्रेषित।

उपकुलसचिव (परीक्षा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल